राजपत्रित अधिकारियों की पुनः नियुक्ति

572. श्री राम चरण : क्या शिक्षा मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि शिक्षा मन्त्रालय से सेवा निवृत्त हुए बहुत से राजपत्रित अधिकारियों को उस मन्त्रालय के अधीन स्वायत्तशासी निकायों में पुनः नियुक्त किया गया है;

(ख) यदि हां, तो उनकी संख्या क्या है तथा उन्हें किन-किन कार्यालयों मे नियुक्त किया गया है ; और

(ग) इन पदों को संघ लोक सेवा आयोग के माध्यम से न भरे जाने के क्या कारण है ?

शिक्षा मंत्री (डा० त्रिगुण सेन) : (क) कुछ सेवानिवृत्त राजपत्रित अधिकारी शिक्षा मन्त्रालय के अधीन स्वायत्तशासी निकायों मे पुनः नियुक्त किये गये है ।

(ख) केवल चार । इन्हे निम्नलिखित कार्यालयों मे पुनः नियुक्त किया गया है :—

(i) केन्द्रीय विद्यालय सगठन, नई दिल्ली ।

(ii) तिब्बती स्कूल सोसायटी, नई दिल्ली ।

(iii) केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, नई दिल्ली ।

(iv) राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसन्धान तथा प्रशिक्षण परिषद्, नई दिल्ली ।

(ग) इन संगठनो के पदो पर नियुक्ति सम्बन्धी नियमों के अधीन संघ लोक सेवा आयोग के जरिए पदों को भरना आवश्यक नही है ।

शिक्षा मंत्रालय में हिन्दी का प्रयोग

573. श्री राम चरण : क्या शिक्षा मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उनके मन्त्रालय में हिन्दी के प्रयोग के बारे में यदि कोई बाधाएं हैं तो उनको दूर करने के लिये सरकार का क्या कार्यवाही करने का विचार है ;

(ख) उनके मन्त्रालय में अवर सचिव तथा उससे ऊपर के पदों के कितने अधिकारी केवल अंग्रेजी में ही काम करते हैं ; और

(ग) इस स्थिति को सुधारने के लिये सरकार ने क्या कार्यवाही की है अथवा करने का विचार किया है ?

शिक्षा मंत्रालय में राज्य-मंत्री (श्री भागवत झा आजाद): (क) शिक्षा मन्त्रालय में हिन्दी के प्रयोग में कोई विशेष बाधाएं नहीं हैं ।

(ख) 58 ।

(ग) हिन्दी न जानने वाले अधिकारियों को हिन्दी सीखने के लिए प्रोत्साहित करने के प्रयत्न जारी रखे जा रहे हैं ।

Clash with Mizos on 15-3-1967

574. Shri Vishwa Nath Pandey: Will the Minister of Home Affairs be pleased to state:

(a) whether it is a fact that one Mizo hostile was killed and six others were captured by the security forces in a few raids in hostile hide-outs in Mizo hills on the 15th and 16th March, 1967; and

(b) if so, Government's reaction thereto?

The Minister of State in the Ministry of Home Affairs (Shri Vidya Charan Shukla): (a) On the 15th March 1967, one MNF hostile was killed and six hostiles were apprehended on the 16th March, 1967 seven MNF suspects were apprehended by the security forces.

(b) Operations against the hostiles will continue.